भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3965
गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना का प्रभाव

3965. डॉ. निशिकान्त दुबे:
श्री जुगल किशोरः
श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:
श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
डॉ. राजकुमार सांगवानः
श्री मनोज तिवारीः
श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः
श्री गणेश सिंहः
श्री सुरेश कुमार कश्यप:
श्री नव चरण माझीः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाने के लिए उड़ान योजना के अंतर्गत शुरू किए गए मार्गों की राज्यवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) देशभर में शुरू किए गए हेलीकॉप्टर मार्गों, पर्यटन मार्गों और डोनर (डीओएनईआर) मार्गों की राज्यवार संख्या कितनी है; और

(ग) अगले दस वर्षों के लिए उड़ान योजना को जारी रखने का अपेक्षित प्रभाव क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-'उड़ान') के अंतर्गत इसकी शुरुआत से अब तक कुल 615 मार्गों को प्रचालनरत किया जा चुका है।

'उड़ान' योजना के अंतर्गत अब तक कुल 64 हेलीकॉप्टर मार्ग, 53 पर्यटन मार्ग और 08 डोनर मार्गों सहित उत्तर पूर्वी क्षेत्र को जोड़ने वाले 90 मार्गों को प्रचालनरत किया जा चुका है। इन मार्गों की राज्यवार संख्या अनुलग्नक में दी गई है।

क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) की परिकल्पना राष्ट्रीय नागर विमानन नीति (एनसीएपी) 2016 में की गई थी। इस योजना में मौजूदा हवाईपट्टियों और हवाईअड्डों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश के असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों को कनेक्टिविटी प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। इस नीति के अनुसरण में, सरकार उड़ान को किफायती, सुविधाजनक बनाकर आम जनता तक इसकी पहुँच बनाने के लिए और यात्रियों के लिए संरक्षित, सुरक्षित, किफायती और वहनीय हवाई यात्रा के साथ-साथ भारत और दुनिया के

विभिन्न हिस्सों में माल के हवाई परिवहन की सुविधा प्रदान करने हेतु भी और साथ ही एक एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है, जिससे नागर विमानन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है, जो देशभर में पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहा है, रोजगार में वृद्धि कर रहा है और संतुलित क्षेत्रीय विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

अनुलग्नक

‘उड़ान’ योजना के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्र को जोड़ने वाले राज्यवार मार्ग

क्र. सं.	राज्य	प्रचालनरत मार्गों की संख्या
1.	अरुणाचल प्रदेश	11
2.	असम	42
3.	मणिपुर	13
4.	मेघालय	10
5.	मिजोरम	02
6.	नगालैंड	04
7.	सिक्किम	05
8.	त्रिपुरा	03
कुल		**90**

‘उड़ान’ योजना के अंतर्गत राज्यवार हेलीकॉप्टर मार्ग

क्र. सं.	राज्य	प्रचालनरत मार्गों की संख्या
1.	असम	06
2.	हिमाचल प्रदेश	15
3.	चंडीगढ़	01
4.	मणिपुर	06
5.	उत्तराखंड	36
कुल		**64**

‘उड़ान’ योजना के अंतर्गत राज्यवार पर्यटन मार्ग

क्र. सं.	**राज्य**	**प्रचालनरत मार्गों की संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	02
2.	अरुणाचल प्रदेश	01
3.	असम	03
4.	बिहार	02
5.	दिल्ली	02
6.	गुजरात	02
7.	उत्तर प्रदेश	08
8.	पश्चिम बंगाल	02
9.	झारखंड	04
10.	कर्नाटक	05
11.	केरल	01
12.	मध्य प्रदेश	04
13.	मणिपुर	02
14.	मिजोरम	01
15.	नगालैंड	02
16.	ओडिशा	02
17.	पंजाब	03
18.	राजस्थान	05
19.	तेलंगाना	01
20.	त्रिपुरा	01
कुल		**53**

****